## खबर संक्षेप



### बाघ के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल, ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** बरही क्षेत्र के ताली रोहनिया गाँव में बाघ के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया है। जानकारी के अनुसार ताली रोहनिया निवासी अशोक वर्मन की पत्नी पर खेत के पास अचानक एक बाघ ने हमला कर दिया। हमले में महिला को गहरी चोटें आईं। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत बरही अस्पताल पहुंचाया गया। बरही अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वन विभाग की ओर से घायल महिला के परिजनों को 10 हजार रूपए की तात्कालिक मदद दी गई है। वन विभाग कर्मियों द्वारा बाघ की निगरानी शुरू कर दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की समझाइश दी गई है।

### माधवनगर थाना क्षेत्र में 6 दिसंबर को एटीएम मशीन और 11.35 लाख किये थे चोरी

# एटीएम मशीन चोरी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, उगले राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र में 6 दिसंबर की रात बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एटीएम उखाड़कर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य आरिफ उर्फ बाटू को पुलिस ने मेरठ से गिरफ्तार किया है। बदमाश से जब पुलिस पूछताछ की तो उसने वारदात से जुड़े सभी तथ्यों को बयां किया। आरिफ के बताये अनुसार अन्य आरोपी भी चिह्नित कर लिया हैं। गौरतलब है कि 6 दिसंबर की रात चोरों ने एटीएम उखाड़कर ले गये थे जिसमें 11 लाख से अधिक की राशि थी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में रिकार्ड हुई थी। वारदात के बाद पुलिस अलर्ट हुई और चोरों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई। पुलिस टीम ने गैंग के सदस्य आरिफ उर्फ बाटू पिता मोमीन खान 35 साल निवासी रसूलपुर औरंगाबाद थाना भावनपुर जिला मेरठ उ.प्र. से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने पाँच साथियों के साथ मिलकर कटनी, गुना और जबलपुर में एटीएम उखाड़ने की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 6 दिसंबर की रात करीब 2 बजकर 26 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि चोरों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम को रस्से से बांधकर पिकअप वाहन की मदद से उखाड़ दिया और मशीन को हाईवे किनारे जंगल में छिपाकर उसमें से 11 लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। पूछताछ में सामने आया कि गैंग वारदात के लिए आसपास से ही पिकअप वाहन चोरी करता था, फिर एटीएम को उखाड़कर ले जाता था और पैसे निकालने के बाद वाहन को वहीं छोड़ देता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एटीएम मशीन और मारुति XL-6 भी बरामद की है। कार्रवाई IG जबलपुर, SP कटनी और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय दुबे की टीम ने की। एटीएम चोरी की इन वारदातों के बाद पुलिस अब गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है।



#### कई जिलों में उखाड़ी एटीएम

पूछताछ में आरिफ ने स्वीकार किया कि उसने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर जिला गुना, जिला जबलपुर, कटनी में एटीएम उखाड़ने की वारदातें की थीं। गैंग के अन्य सदस्य इंतजार उर्फ काला (शाहपुर, जिला सहारनपुर), मोहम्मद यामीन (हर्रा खेवाई, जिला मेरठ), ईनाम (शाहपुर, जिला सहारनपुर),एहसान और मुकिम ये सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार व दोस्त हैं। उत्तर प्रदेश व हरियाणा के कई जिलों में चोरी, लूट, हत्या व हत्या के प्रयास जैसे गंभीर प्रकरणों में वांछित हैं। थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 1016/25, धारा 331(4), 305(1), 324(5) BNS के तहत अपराध दर्ज किया गया।

#### पहले करते थे रैकी

आरोपियों की वारदात की शैली बेहद संगठित थी। हाईवे या सुनसान स्थानों पर लगे एटीएम को चुनते थे घटना स्थल के आसपास से पिकअप वाहन चोरी करते एटीएम मशीन को रस्सों से बांधकर वाहन से खींच देते थे मशीन उखड़ने पर उसे पिकअप में लोड कर जंगल में छिपा देते बाद में मशीन काटकर नकदी निकालते और वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो जाते। कटनी की घटना में भी गैंग ने थाना कुठला क्षेत्र से पिकअप चोरी कर एटीएम उखाड़ा था और उसे जंगल में छिपाकर रुपये निकाल लिए थे।



# अवैध रूप से भंडारित 2200 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में गुरूवार को संयुक्त जांच दल ने स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भूला और ग्राम टिकरिया के गोदामों का औचक निरीक्षण कर 5 हजार 500 बोरियों में रखी करीब 2 हजार 200 क्विंटल धान जब्त किया। जिला प्रशासन द्वारा की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल ने स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भूला स्थित असाटी कृषि केन्द्र की जांच की। इस दौरान दुकान के भीतर गोदाम में 3 हजार बोरी धान का भंडारण पाया गया। जिसको जब्त कर इस धान के परिवहन एवं निकासी पर 20 जनवरी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद जांच दल ग्राम टिकरिया पहुंचा। जहां विकास असाटी के द्वारा कृषि हेतु लिये गये खेत में लगभग 2 हजार 500 बोरी धान का भंडारण पाया गया। इस भंडारित धान के संबंध में कोई भी दस्तावेज और अभिलेख विकास असाटी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसलिये इस धान को भी जब्त कर इसकी निकासी पर रोक लगाते हुये श्री असाटी के सुपुर्द नामे में सौंपा गया। जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

*सिंचाई करते समय एवं खेत की रखवाली करते समय हुई दोनो घटनाएं*

# ढीमरखेड़ा एवं रीठी क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा एवं रीठी क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुहास गाँव में गुरुवार की सुबह खेत में सिंचाई करते समय किसान को करंट लगने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। मृतक की पहचान वीरन उर्फ बल्लू 45 वर्ष निवासी मुहास के रूप में हुई। वीरन अपने खेत में पानी लगा रहा था तभी मोटर-पंप में अचानक बिजली का करंट आ गया जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों ने आवाज़ सुनकर तुरंत घटनास्थल पर दौड़कर पहुंचे। तो देखा वह अचेत पड़ा था। किसानों ने उसे उठाया लेकिन वह नहीं उठा। परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दिए जाने के बाद वीरन को रीठी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का मुआयना कर कागजी कार्यवाही की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम झिन्ना पिपरिया में खेत की रखवाली करने गए एक युवक का शव खेत के पास संदिग्ध हालत में पाया गया। मृत युवक की पहचान भागीरथ उर्फ कुलदीप कुम्हार 23 पिता बद्री कुम्हार निवासी झिन्ना पिपरिया के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक देर रात अपने खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकला था। सुबह जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की और अंततः थाना ढीमरखेड़ा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की तलाश के दौरान कुछ ही समय बाद युवक का शव खेत के समीप झाड़ियों के पास पड़ा मिला। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक की मौत करंट लगने से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि, स्पष्ट कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। पुलिस ने मौके से शव को बरामद कर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# जिले में दो उर्वरक कंपनियों के उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के उल्लंघन पर जिले में दो उर्वरक निर्माता कंपनियों के सभी रासायनिक उत्पादों के भण्डारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, डॉ. आर.एन. पटेल ने बताया कि झाबुआ जिले के मेघनगर स्थित मैसर्स त्रयंबकेश्वर एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड एवं मैसर्स मोनी मिनरल्स एण्ड ग्राइन्डर्स कंपनियों की विनिर्माण इकाइयों ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खण्ड 21A और 28(1)(a) का उल्लंघन किया है। इस वजह से संयुक्त संचालक (उर्वरक), भोपाल द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के खण्ड 32A के प्रावधानों के तहत इन दोनों कंपनियों के प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिए गए।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल द्वारा इन कंपनियों के विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त करने के बाद कटनी जिले में इन दोनों कंपनियों के सभी रासायनिक उत्पादों के भण्डारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं (थोक एवं फुटकर) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इन दोनों कंपनियों के किसी भी रासायनिक उत्पाद का भण्डारण या विक्रय तुरंत बंद कर दें।

उपसंचालक डॉ. पटेल ने जिले के उर्वरक निरीक्षकों को अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने और उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# 9 मैरिज गार्डन संचालकों के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही, 4 को अंतिम सूचना पत्र किया गया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं कर मैरिज गार्डन का संचालन करने पर नगर निगम प्रशासन द्वारा 13 मैरिज गार्डन संचालकों पर कार्यवाही की गई है जिसमें से शहर के 9 मैरिज गार्डन संचालकों के विरूद्ध अभियोजन एवं 4 मैरिज गार्डन संचालकों के विरूद्ध अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है।

प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने इस संबंध मे आम सूचना के माध्यम से जानकारी बताया कि नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्रान्तर्गत स्थित 14 मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा नियमानुसार म.प्र. नगरपालिका (विवाह स्थल का पंजीयन एवं उपभोग) आदर्श उपविधि 2020 के तहत अनुज्ञप्ति प्राप्त कर विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं नगर के 9 मैरिज गार्डनों के संचालकों द्वारा आदर्श उपविधि 2020 के तहत अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने पर संबंधितों के विरूद्ध म.प्र. नगरपालिका (विवाह स्थल का पंजीयन एवं उपभोग) आदर्श उपविधि 2020 के नियम 10 के तहत अभियोजन की कार्यवाही की गई है। जबकि नगर के शेष 04 मैरिज गार्डनों के संचालकों को आदर्श उपविधि 2020 के तहत नियमानुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरांत ही विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है। निर्धारित समयावधि के अंदर विवाह स्थल के संचालकों के द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने पर संबंधित चारों मैरिज गार्डन, विवाह स्थलों को अनाधिकृत घोषित करते हुए अभियोजन की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी, जिसकी समस्त जवाबदारी मैरिज गार्डन संचालक की होगी।

प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा है कि शहर में संचालित अनुज्ञप्तिधारी मैरिज गार्डनों से ही वैवाहिक अथवा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करें। विपरीत स्थिति में आयोजक एवं संचालक स्वतः जबाबदार होगें।

### जिले में अब 9 बजे के बाद ही लगेंगे स्कूल

**कटनी।** जिले में चल रही तीव्र शीत लहर और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और नवोदय विद्यालय को प्रातः 9 बजे के बाद संचालित करने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय के संचालन का समय बदला गया है, लेकिन परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा, उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। सभी संबंधित प्राचार्यों और शिक्षकों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने निर्देश दिये गये हैं।

### जिला पंचायत सीईओ ने की सुनवाई, सुना पक्ष

# 15 ग्राम पंचायतों में 52 लाख से अधिक की अनियमिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरन प्रीत कौर ने 15 ग्राम पंचायतों में की गई वित्तीय अनियमितताओ के संबंध में एक-एक करके सुनवाई की। सुश्री कौर ने जहां एक ओर ग्राम पंचायतों के पक्ष को अत्यंत धैर्य के साथ प्रस्तुत जवाब, साक्ष्य और दस्तावेजों का अवलोकन कर जाना वहीं दूसरी ओर दोषी पाए जाने एवं समाधान कारक उत्तर एक सप्ताह में प्राप्त नहीं होने पर सख्त विधिसंगत कार्रवाई करते हुए धारा 92 के तहत शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव को दिए।

#### नियमों का किया उल्लंघन

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट क्रय किए जाने के प्रकरणों में ग्राम पंचायत किरहाई पिपरिया, गुदरी, मोहनिया नीम, सलैया फाटक, अमोच, पड़वार, धूरी, स्लीमनाबाद, अमगवां, खमतरा गौरहा, अमरगढ़, रामपाटन,तिहारी द्वारा 43,71,500 रुपए की सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी किए जाने के संबंध में धारा 89 के तहत प्रकरणों पर सुनवाई की। संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर धारा 92 के तहत नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।



#### ये ग्राम पंचायत रही अनुपस्थित

विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा वित्तीय अनियमिता के प्रकरणों की सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत अमगवां, खमतरा, गौरहा, अमरगढ़,तिहारी के तत्कालीन सरपंच एवं सचिव अनुपस्थित रहे।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्र, ग्राम पंचायत बहोरीबंद के तत्कालीन प्रधान सरपंच श्री अनंत आनंद दुबे के द्वारा मार्केट निर्माण की बकाया राशि 8,61,760 रुपए दिलवाए जाने के संबंध में जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सरपंच श्रीमती मधु बृजेश गुप्ता को समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब और पक्ष रखने हेतु लेख किया गया था। किंतु सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रही।

इस प्रकार कुल 15 ग्राम पंचायतों के 52,33,260 रुपयों की वित्तीय अनियमिताओं के मामलों में जिला सीईओ ने सुनवाई करते हुए समाधान कारक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार राशि वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश पंकज नामदेव को दिए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुद्ध कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाजार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति फुुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



## आधार कैंप की अवधि बढ़ाई गई, 5 अन्य स्थानों पर और लगेंगे

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित हो रहे आधार शिविरों में व्यवस्थाओं और सुविधाओं का विकास किया गया है। साथ ही शिविर आयोजन की तिथि भी एक सप्ताह के लिये बढ़ा दी गई है। ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरव नामदेव ने बताया कि पहाड़ी में लग रहे आधार शिविर में विगत 3 दिनों से अतिरिक्त मशीन संचालित करने से यहां प्रतिदिन करीब 150 से 170 व्यक्तियों के आधार संबंधी कार्य शिविर में निष्पादित किये जा रहे हैं। बताया गया पहाड़ी में लगने वाले आधार शिविर की अवधि बढ़ाई गई है। इसके अलावा 5 अन्य स्थानों पर भी अतिरिक्त कैंप प्रारंभ कर दिये गये हैं। इनमें साधुराम स्कूल कटनी, टीसीबाजन स्कूल कैंपस कटनी, ग्राम पंचायत पचपेढ़ी, ढ़ीमरखेड़ा एवं बाकल हायर सेकेण्डरी स्कूल बहोरीबंद एवं बीआरसी ऑफिस जनपद पंचायत बड़वारा में अतिरिक्त कैंप लगाये जा रहे हैं। इसके साथ इन कैंपों में टेबल कुर्सी, बिजली, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था भी करने की जानकारी दी गई।

## राजीनामा योग्य प्रकरणों का कराये निराकरण

**कटनी।** कल 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में, नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये जाने के संबंध में वन-टू-वन चर्चा की गई एवं न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव सुमित शर्मा ने आगामी दिनांक 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते से निराकरण कराये जाने हेतु आमजन से अपील की।

## आज से शुरू होगी द्वारका एवं सोमनाथ तीर्थ यात्रा

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत 12 दिसंबर से 18 दिसंबर तक श्री द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन कटनी जिले अन्तर्गत निर्धारित कटनी साउथ जंक्शन रेल्वे स्टेशन से सायं 7:30 बजे पहुंचेगी एवं 7:40 बजे जबलपुर की ओर रवाना होगी। इस तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन में कटनी जिले से 250 तीर्थ यात्री द्वारका-सोमनाथ हेतु रवाना होगें। जिनका स्वागत जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जावेगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने कटनी साउथ जंक्शन रेल्वे स्टेशन में 12 दिसंबर को तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार हेतु तथा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत नगर निगम को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार हेतु पर्याप्त पुष्प माला, टीका-चंदन, शाल-श्रीफल आदि की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं पेयजल वितरण हेतु कर्मचारियों की व्यवस्था, निकायवार पृथक-पृथक कर्मचारियों के बैठने हेतु कुल 10 स्टाल की व्यवस्था करने जिससे यात्रियों को टिकट वितरण एवं अन्य सहायता प्रदान की जा सकें, बैनर एवं हरी झंडी की व्यवस्था, बैटरी युक्त माईक एवं साउण्ड की व्यवस्था करने तथा वर्तमान में अत्याधिक ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये कटनी साउथ जंक्शन रेल्वे स्टेशन परिसर में उपस्थित यात्रियों हेतु पृथक-पृथक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

### स्कूलों में कराये जा रहे विकास कार्यों एवं शैक्षणिक व्यवस्था का निगमायुक्त ने लिया जायजा

# दी सख्त हिदायत : निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





शिक्षा के माध्यम से नौनिहालों का भविष्य संवारने हेतु नगर निगम प्रशासन के माध्यम से संचालित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा ए.रविन्द्र राव गुलाबचंद स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के पठन पाठन की सुविधाओं के विस्तार हेतु कराये जा रहे विकास कार्यो का विगत दिवस निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित शाला प्राचार्य की मौजूदगी रही।

### गुणवत्ता मानकों की न हो अनदेखी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सर्वप्रथम साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर का निरीक्षण के दौरान परिसर में कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान साधूराम स्कूल के पीछे कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों भवन मरम्मत, रंगाई पुताई के कार्य का जायजा लेते हुए गुणवत्ता को निर्धारित मानक अनुरूप रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। तदोपरांत निगमायुक्त द्वारा ए रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में निर्माणाधीन नवीन भवन का स्थल एवं ड्राइंग डिजाईन का निरीक्षण कर निर्धारित ड्राइंग डिजाईन के अनुरूप ही समस्त निर्माण कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता से कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने हिदायत देते हुए कहा कि छात्र-छात्रों के पठन पाठन की सुविधाओं में विस्तार हेतु कराये जा रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

शाला विकास कर्यो के निरीक्षण में पहुंचीं निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा शाला कक्षों में पहुंचकर छात्रों से संवाद कर स्कूल की सुविधाओं एवं पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली जाकर खूब मन लगाकर पढाई करनें के टिप्स भी दिए। निगमायुक्त द्वारा सुचारू शिक्षा व्यवस्था के मद्देनजर छात्रों को स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान करनें हेतु एलईडी इंटर एक्टिव पैनल की सुविधा मुहैया करनें तथा शाला कक्षों में आवश्यक विद्युतीकरण एवं रिपेयरिंग संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करनें के निर्देश दिए।

### स्टेशन पहुंच मार्ग का निरीक्षण

नगर के मुख्य स्टेशन रोड पहुंच मार्ग में सुचारू यातायात की व्यवस्था के चलते दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास रोड डिवाइडर एवं सेंट्रल पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सेंट्रल पार्किंग बंद करानें एवं दुकानों के बाहर सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश अतिक्रमण विभाग को दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा दिलबहार चौराहा के निरीक्षण के दौरान सम्राट होटल के सामने नगर निगम के शापिंग कांपलेक्स के बाहर खुली नाली पाए जाने पर सुरक्षा की दृष्टि से नाली को चीप से कव्हरिंग करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।

## अमानक बीज एवं अधिक कीमत में उर्वरक बेचने पर लायसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**अमानक खाद व बीज बेचने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही**

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश के पालन में अमानक बीज का विक्रय करने वाले एक विक्रेता एवं शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने वाले एक उर्वरक विक्रय संस्थान का विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि विकासखंड के मेसर्स कृषक जागरण (प्रो. श्री संजय गुप्ता) पहरूआ मंडी रोड कटनी के बीज विक्रय संस्थान से लिया गया सरसों बीज नमूना किस्म एचएम सुपर-222 टीएल बीज उत्पादक संस्था- क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 15 के अंतर्गत मेसर्स कृषक जागरण बीज भण्डार को प्रदाय किया बीज विकय प्राधिकार पत्र रजिस्टेशन, जो 22 जून 2028 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसी प्रकार विकासखण्ड-कटनी के ग्राम पिपरौंध स्थित मेसर्स विशाल ट्रेडर्स (प्रो.विशाल जायसवाल) के विरूद्ध शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर उर्वरक निरीक्षक कृषि विकास अधिकारी क्षेत्र पहाडी से इसकी जांच कराई गई। जिसमें पाया गया कि विकय संस्थान के द्वारा डीएपी उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक पर विक्रय किया जा रहा है। साथ ही पीओएस मशीन में डीएपी उर्वरक की मात्रा निरंक है एवं पीओएस मशीन में विगत कई माह से डीएपी भी नहीं प्राप्त है। उपसंचालक कृषि डॉ. पटेल ने उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड-31(1) के अंतर्गत मेसर्स विशाल ट्रेडर्स का विक्रय प्राधिकार पत्र जो 30 दिसंबर 2025 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

साथ ही विक्रय संस्थान संचालक को निर्देशित किया गया है तीन दिवस के अंदर अभिलेखीय जानकारी के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में आपके उर्वरक विक्रय संस्थान का प्राधिकार पत्र निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। निलंबन अवधि के दौरान उर्वरकों का क्रय-विकय एवं प्रतिस्थापन प्रतिबंधित रहेगा।

**विश्व मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

## संविधान द्वारा प्रदत्त मानव अधिकार मनुष्य के गरिमा एवं गौरव की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पूरे विश्व के लिए कुछ मूलभूत अधिकारों की घोषणा की गई है। इन्हें ही मानवाधिकार कहते हैं। विश्व के प्रत्येक सदस्य देश द्वारा इन अधिकारों को मान्य करने और मान्य करवाने के लिए अपने -अपने संविधान में कानून का रूप दिया गया है। इसी क्रम में हमारे देश के संविधान में मौलिक अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए समय समय पर शासन द्वारा अनेकों प्रयास किए जाते हैं। इसके लिए हमारे देश में एक मानव अधिकार आयोग का गठन भी किया गया है।

उक्त बातें विश्व मानवाधिकार दिवस पर राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम मे जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने उक्त विचार व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में शिक्षा का अधिकार लागू है। कभी विश्व गुरु रहा भारत मध्य युगीन बर्बर आक्रांताओं के आक्रमणों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में दयनीय स्थिति में पहुंच चुका था लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही है। शिक्षा की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। इस समय शैक्षिक स्वर्ण युग में प्रवेश के लिए शिक्षा का अधिकार मील का पत्थर है। इसके तहत गांव, मजरे और टोलों तक शिक्षा का प्रकाश फैल चुका है। सुदूर वनवासी अंचलों में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करना अब सपना नहीं है। अब तो प्रारंभिक शिक्षा निःशुल्क प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। अब अपनी योग्यतानुसार अपना जीवन यापन करना हमारा अधिकार है। कोई इससे वंचित नहीं कर सकता है। प्रत्येक देशवासी को स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है।संविधान द्वारा प्रदत्त मानवाधिकार मनुष्य की गरिमा और गौरव की गारंटी है।कोई नहीं बना सकता गुलाम-वही प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि अब कोई हमें गुलाम नहीं बना सकता है। कोई हमसे बंधुआ मजदूरी नहीं करवा सकता है। इसी प्रकार रंग, नस्ल, भाषा, समाज, जाति और धर्म के आधार पर अब कोइ भेदभाव नहीं कर सकता है। ऊंच-नीच, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब आदि अनेक विषमताएं अब विलुप्त हो चुकी हैं।

### उद्यमिता एवं स्थापना प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



छात्राओं को स्वावलंबन की ओर प्रोत्साहित करने तथा उन्हें रोजगार प्राप्तकर्ता से रोजगार प्रदाता बनने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने हेतु शासकीय आईटीआई कटनी में बुधवार को उद्यमिता विकास केंद्र (ईडीसी) के माध्यम से एक दिवसीय उद्यमिता एवं स्थापना प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्टार्टअप की स्थापना, व्यवसाय पंजीयन, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों, प्रोजेक्ट तैयारी, तथा स्वयं रोजगार के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा उद्यम स्थापना द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता पर व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल, योजना निर्माण, जोखिम प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं के प्रश्नों का समाधान कर उन्हें प्रायोगिक जानकारी दी गई।

## महापौर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को माधवनगर के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेमू कालाणी वार्ड, आचार्य कृपलानी वार्ड तथा माधव नगर उप-कार्यालय का स्थल निरीक्षण कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं एवं नागरिक सुविधाओं का विस्तृत आकलन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद सुमन राजू माखीजा के साथ हेमू कालाणी वार्ड में लगभग 17 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 300 मीटर सी.सी. सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्तर और समतलीकरण की बारीकी से जांच की। महापौर ने मेहड़ दरबार पहुँच वाहेगुरु जी के दर्शन कर नगर सुख समृद्धि की कामना की।

भ्रमण के दौरान आचार्य कृपलानी वार्ड के निवासियों ने महापौर श्रीमती सूरी को वार्ड में सफाई का कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर महापौर ने स्वास्थ्य विभाग को त्वरित कार्रवाई के सख़्त निर्देश दिए और वार्ड में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करने की बात कही। महापौर ने नागरिकों से भी अपील की कि वे कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, खुले में कचरा न फैलाएँ। आपने स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इसे जनभागीदारी से ही सफल होने की बात कही।

महापौर ने माधवनगर स्थित नगर निगम उप-कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने उन्हें कई आवश्यकताओं और तात्कालिक समस्याओं से अवगत कराया जिस पर महापौर द्वारा अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

**जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया गया बोरी बंधान**

## जल प्रकृति की अनमोल संपदा है इसे संरक्षित करना हम सभी का है दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



आगामी ग्रीष्मकालीन समय में पानी का संकट न हो इसके लिए जल का संरक्षण व संवर्धन करने जन अभियान परिषद के द्वारा जल संचय अभियान शुरू किया गया है। बहोरीबंद के तेवरी सेक्टर की ग्राम पंचायत बिचुआ के देवरीभार के झिन्ना नाला पर बोरी बँधान कार्य किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सलैया प्यासी तथा सीएम सीएलडीपी के छात्रों के तत्वाधान मै आयोजित किया गया।

जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल द्वारा बोरी बँधान कार्य की सराहना की व उसके महत्व की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जल प्रकृति की अनमोल संपदा है, इसे संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है। जल संरक्षण के कार्य जनसहयोग से निरंतर जारी रखना चाहिए। नदी में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य किया गया ताकि जल का अपव्यय न हो और जल संरक्षण हो सके। ऐसे प्रयास न केवल जल संकट से राहत दिला सकते हैं बल्कि भविष्य में पीने के पानी की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि नाले पर बोरी बंधान के माध्यम से पानी संरक्षित करेंगे । ग्रामीणों को इस कार्य के माध्यम से जल प्रबंधन के अन्य उपायों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।जल संरक्षण हेतु हैंडपंप नाली एवं नालों में ज्यादा से ज्यादा बरसात का पानी बह जाता है उसके लिए सोक पिट एवं कुछ जगहों मे बोरी बंधान कार्य करने प्रेरित किया गया। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्यवक अरविंद शाह ने बोरी बंधान के फायदे बतलाये!उन्होंने कहा कि बोरी बंधान कर व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजा जा रहा है। ऐसा करने से गांव में भूमि जलस्तर बना रहेगा। वहीं भीषण गर्मी में भी निस्तार और पशु पक्षियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी रहेगी।बोरी बंधान से जल स्त्रोतों का पानी व्यर्थ नही बहता,भूमिगत जलस्तर बना रहता है।नदी व नालों का अस्तित्व बचाने मैं कारगर है व जलीय जंतुओं के लिए कारगर है।

### जेंडर आधरित हिंसा की रोकथाम के लिए हुई कार्यशाला

## महिलाओं को अपने अधिकारों को जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद के द्वारा बाकल हाई स्कूल में लैगिंग उत्पीड़न एवं जेंडर आधरित हिंसा की रोकथाम को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जहाँ महिलाओं को महिला अधिकारों को लेकर जानकारियां प्रदान की गईं।

पर्यवेक्षक कंचन माला प्रजापति ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को संविधान और विभिन्न विशेष कानूनों द्वारा कई अधिकार प्राप्त हैं जिनमें हिंसा और भेदभाव से मुक्ति, समान कार्य के लिए समान वेतन, संपत्ति का अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार,पंचायत व नगर पालिकाओं में आरक्षण शामिल हैं। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005; दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961; और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 जैसे कानून महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करते हैं। संविधान अनुच्छेद 14 के तहत महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त है। भारत में धर्म, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। वही पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने कहा किमहिलाओं के विरुद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा नहीं है। यह कहीं अधिक व्यापक है और इसमें यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और वित्तीय शोषण भी शामिल है। राष्ट्रीय योजना महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के दो मुख्य प्रकारों पर केंद्रित है -घरेलू ओर पारिवारिक हिंसा ओर यौन उत्पीड़न। महिला उत्पीड़न के मामलों में कई धाराएँ लगती हैं, जिनमें मुख्य रूप से भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला), 354A (यौन उत्पीड़न), और 509 (शब्द, इशारा या कार्य से लज्जा भंग करना) प्रमुख हैं, जो शारीरिक छेड़छाड़, अवांछित यौन प्रस्ताव, या आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित हैं; साथ ही, घरेलू हिंसा के लिए 498A और घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 भी लागू होते हैं, जो मानसिक/शारीरिक क्रूरता से बचाते हैं। जेंडर आधारित हिंसा का मतलब है किसी व्यक्ति के लिंग के आधार पर उसके खिलाफ की गई कोई भी हानिकारक कार्रवाई, जिससे उसे शारीरिक, यौन, भावनात्मक या आर्थिक नुकसान पहुँचे, या नुकसान पहुँचाने की धमकी दी जाए।

## रेयर अर्थ मिनरल की खोज हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र में रेयर अर्थ मिनरल्स और दूसरे महत्त्वपूर्ण खनिजों के वैज्ञानिक अन्वेषण कार्य तेज हो गया है। इसके लिये खनिज संसाधन विभाग और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के बीच कटनी में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान हुए एमओयू का क्रियान्वयन प्रारंभहो गया है। प्रथम चरण में कटनी और जबलपुर जिलों से प्राप्त खनिज नमूने आईआईएसईआरके वैज्ञानिकों को सौंपे गए हैं। प्रमुख सचिवखनिज संसाधन उमाकांत उमराव और डीजीएम फ्रैंक नोबल ए. ने आईआईएसईआर टीम को कटनी और जबलपुर जिलों के खदानों से संभावित रेयर अर्थ मिनरल्स के नमूने उपलब्ध कराये हैं। आईआईएसईआर के वैज्ञानिक इन नमूनों का उच्च स्तरीय प्रयोगशाला में विश्लेषण करेंगे। प्रथम चरण में विश्लेषण महाकौशल क्षेत्र में उपलब्ध रेयर अर्थ मिनरल्स और स्वर्ण की संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा।

खनिज साधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आईआईएसईआर के साथ यह सहयोग राज्य की वैज्ञानिक अन्वेषण क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे राज्य को उच्च गुणवत्ता वाले भू-वैज्ञानिक आंकड़े प्राप्त होंगे, आगामी अन्वेषण कार्यक्रमों को दिशा मिलेगी तथा रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण खनिजों के नए भंडार चिन्हित करने में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण खनिजों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह पहल मप्र को खनिज आधारित आर्थिक विकास के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। आगामी चरणों में अन्य जिलों से प्राप्त खनिज नमूने भी आईआईएसईआर को परीक्षण हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। यह एमओयू तकनीक आधारित खनिज अन्वेषण के नए आयाम खोलने के साथ दीर्घकालिक रिसोर्स सिक्योरिटी को मजबूत करेगा।

## खबर संक्षेप

### मनौर में गरीब महिलाओं को बांटे कंबल

**पन्ना।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गत दिवस मनौर में गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान शीतऋतु में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक उपाय बरतने की सलाह भी दी गई।

### बड़वारा मोड़ के पास ऑटो रिक्शा पलटने से 3 लोग घायल



**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत बड़वारा मोड़ के पास तेज गति से अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से 03 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल भिलसाय व बड़वारा के बताए जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि इस समय नगर सहित ग्रामों में अधिक संख्या में ऑटो रिक्शा हो जाने के कारण उसमें मनमाने ढंग से सवारियां बैठाई जाती हैं और तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन हादसे होते हैं। पूर्व में भी कई ऑटो पलट चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस और यातायात विभाग को इन ऑटो चालकों पर चालानी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे इन पर लगाम लगाई जा सकें।

### चार पशु स्वामियों को अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

दमोह। जिले अंतर्गत घातक विद्युत दुर्घटना मे विद्युत अधोसंरचना से पशु जीवन की हानि होना पाये जाने पर संबंधित 04 पशु स्वामियों को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 2 लाख 40 हजार रूपये का निर्धारित अनुदान सहायता राशि अधीक्षण अभियंता दमोह वृत्त अमित चौहान ने स्वीकृत की है। अधीक्षण अभियंता दमोह वृत्त अमित चौहान ने बताया माह अप्रैल 2025 से माह नवम्बर 2025 तक घातक विद्युत दुर्घटना में पशु मालिक हल्काई सींग गौड़ पिता श्री पूरन सींग गौंड की 04 नग भैंसे मृत होने पर 1 लाख 20 हजार रूपये की राशि, मंगल सिंह पिता पर्वत सिंह लोधी की 02 नग भैंसे मृत होने पर 60 हजार रूपये की राशि, तथा निर्भय सींग पिता स्वरूप सींग एवं संतोष पिता रामविशाल यादव की 1-1 नग भैंस मृत होने पर 30-30 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि के रूप में स्वीकृत की गई है।

शुरू में चिन्हित कर छोड़ दिये अवैध अतिक्रमण, अब शिक्षकों को बाउंड्रीबाल गिराने दिये नोटिस

# मनमर्जी से बन रही नाली, पहले से नही डाली लेआऊट, अब दे रहे नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा नगर में अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी कहावत चल रही हैं। यह बिना ले आउट डालने कोई भी कार्य शुरू हो जाता है ज़िम्मेदार यह भी नहीं देखते कि इसका लाभ किसको मिलेगा किसको हानि होगी। जो निर्माण कार्य हो रहा है वह नियम में है या नहीं ऐसा ही एक मामला नगर परिषद के वार्ड नो से निकलकर सामने आया है। यहां नगर परिषद नाली का निर्माण करवा रही है जिसमें अनेक तरह की कमियां सामने आई है निर्माण के दौरान नियमो को पूरी तरह अनदेखा किया गया है जो चहते हैं। उनके अवैध अतिक्रमण भी छोड़े गये हैं जबकि जो नियम में है उनके घर बाउंड्रीवाल गिरने नगर परिषद सी एम ओ दुबारा नोटिस काटे गये है। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत भी की किंतु जो जिम्मेदार है। वह मौन बैठे है अब कुछ लोग अपनी समस्या लेकर कलेक्टर के पास गये है तो कुछ मौके पर रुककर विरोध कर रहे है। वार्ड नो में नाली का निर्माण शुरू हुआ यह निर्माण कहा से आरंभ होना था। मुख्य मार्ग से नाली की कितनी दूरी रखनी थी इस सभी बातों को अनदेखा किया गया है। सबसे बड़ी बात यह भी सामने आई है कि यह निर्माण के दौरान न कोई लेआउट डाला गया न निर्माण के पूर्व किसी को नोटिस दिया गया। आधा निर्माण होने के बाद अब कुछ शिक्षक लोगों को नगर परिषद दुबारा नोटिस काटे गये हैं जबकि पूर्व में उसी नाली को मुख्य मार्ग से लगाकर बनाया गया है जब नाली आधी बन गई तो अब पांच से दस फुट अन्दर बनाने की बात करते हुये सी एम ओ दुबारा ये नोटिस जारी हुऐ है। देवेंद्र जैन ने बताया निर्माण कार्य भटरिया से शुरू हुआ था वह जो अवैध अतिक्रमण है उसको बचाने के लिए नाली को कई जगह घुमाया गया। किंतु जब हमलोगो के घर शुरू हुए तो अब निर्माण कार्य को पांच से दस फुट अन्दर नाली निर्माण करने की बात कहकर नोटिस काटे गये हैं में इसकी लिखित शिकायत लेकर दमोह कलेक्टर के पास गया था क्योंकि तेंदूखेड़ा में कोई सुनने बाला नहीं है। कोमल यादव ने बताया आगे से नाली का निर्माण सड़क के बाजू से किया गया क्योंकि यह जो लोग है वह सभी अध्यक्ष पार्षद के चाहते हैं किंतु हमलोग बाहरी हैं शिक्षक है इसलिए हमारे घर शुरू होते ही अब नाली दस फुट दूर से निर्माण करने की बात कही जा रही हैं मुझे नोटिस काटा गया है यह पूरी तरह नियम में गलत है तेंदूखेड़ा में मनमानी चल रही हैं।

**विकास नहीं विनाश हो रहा है**

नगर के अन्य लोगों को भी नोटिस काटे गये हैं जबकि इन सभी के घर मुख्य मार्ग से काफी पीछे हैं। निर्माण के पूर्व कोई लेआउट भी नहीं डाला गया आगे आगे नगर परिषद को जे सी बी चल रही है पीछे पीछे ठेकेदार निर्माण कार्य करता आ रहा है। सबसे बड़ी बात जो घर मुख्य मार्ग से लगे हैं और अवैध अतिक्रमण में है। उनको छोड़ा गया है जबकि जिनको नोटिस काटे गये हैं उनके घर मुख्य मार्ग से काफी पीछे हैं। नाली का निर्माण हमेशा एक सीध में होता है मगर वार्ड नो की नाली को मनमर्जी से बनाया जा रहा है इस निर्माण कार्य से विकास नहीं नगर और वार्ड का विकास होगा जिसमें शासन की राशि व्यर्थ खर्च होगी।

# शंका का समाधान शंकर के समक्ष पूर्ण होता है- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

व्यक्ति के अंदर इच्छाएं होती है जो तितिक्षा बन जीवन भर किसी की प्रतीक्षा करती रहती है कोई तितिक्षा कभी होती कभी नहीं, ऐसे में शंका का उदय होता जिसे स्वाध्याय ग्राही ही रहस्यमई युक्ति से पूरा कर पाता शास्त्र ऐसा कहता है कि शंकर ही शंका मिटाता है इसलिए उसे शंकर कहा विद्या का देव वास्तव में शिवका अर्थ है। आनन्द, कल्याण, परम मंगल, कैलासको देखकर जो आन्तरिक आनन्दकी अनुभूति होती है, वह शिवतत्त्वकी हलकी-सी झलक देती है। शिवको महाशक्तिर्महाद्युतिः अनन्त शक्ति एवं श्रेष्ठ कान्तिसे सम्पन्न कहा जाता है। कैलास अपने स्वामी शिवकी तरह ही अनन्त शक्तिसम्पन्न प्रतीत होता है। उसकी उज्ज्वल कान्ति तो देखते ही बनती है। विगालः अर्थात अपनी जटासे गंगाजीके जलको टपकानेवाले शिवकी तरह ही कैलाससे निकलनेवाली नदियाँ विशेषकर कैलाससे गिरनेवाले झरने शिवकी जटाओंसे गंगाके निकलनेका स्मरण कराते हैं। हमारे शरीरका ७० प्रतिशत भाग जलसे बना है। जल ही प्राणका आधार है। कैलाससे निकलनेवाली नदियाँ और झरने इसी प्राणतत्त्वको प्रसारित करते हैं। विश्वकी एक-चौथाई जनसंख्याका भरण-पोषण कैलाससे निकलनेवाली नदियोंके जलसे ही होता है। कैलास प्राणतत्त्वका आधार है। कैलासपर छायी हिम, भस्म-सी प्रतीत होती है। भस्म संसारकी अनित्यताका बोध कराती है। शिव भस्म धारण करनेके साथ मस्तकपर त्रिपुण्ड्र भी लगाते हैं। त्रिपुण्ड्रकी तीन रेखाएँ प्रणवके तीन अक्षरों-अकार, उकार और मकारकी प्रतीक हैं। ये तीन रेखाएँ मानव-निर्मित तीन लोकोंकी प्रतीक हैं, जिनके संहारका कार्य शिव करते हैं। कैलासके दक्षिणी पार्श्वपर शिवका मुख और उसपर त्रिपुण्ड्र स्पष्ट प्रतीत होता है। प्रकृतिद्वारा उद्भूत सांसारिक चीजोंसे असंपृक्त हैं। इसी प्रकार शिवलिंगके ऊपर अभिषेक का लाभ ही आपने अंदर से कलमष को दूर करता है जो कलयुग में धर्म मर्मज्ञ विद्वत जनों का विचार यही से पुष्ट होता है। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रभाव से जन मानस में अनोखा समर्पण देखने मिल रहा है जिसमें फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत श्री राम दास त्यागी जी महाराज एवं योगी राज राम करण दास त्यागी जी महाराज ने कथा श्रवण का लाभ लिया।

# ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम की सदस्य सुषमा पटेल का मंत्री ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा के समीपस्त ग्राम मैली ( घाना) जैसे छोटे से ग्राम में जन्मी होनहार बिटियासुश्री सुषमा पटेल ने विश्व कप विजेता भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की सदस्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ते हुये टीम को विजयी बनाया जिनका सम्मान करने उनके निज निवास पर स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार )श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पहुंचे जहां पर उन्होंने बिटिया को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा किआपने अपने माता-पिता एवं गांव ,विधानसभा क्षेत्र एवं देश, प्रदेश का नाम रोशन किया है यह बड़े ही गौरव का विषय हैकि एक छोटे से ग्राम की बिटिया ने विश्व कप का प्रतिनिधित्व किया और पूरे विश्व में अपने गांव के साथ अपने देश का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए जो भी संभव है वह पूरी मदद हम करेंगे और निकट भविष्य में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी भी आपसे भेंट करेंगे। हम लगातार जबेरा विधानसभा में खेलों के माध्यम से विभिन्न आयोजन कर रहे है विगत दिनों नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन हम निरंतर कर रहे है जिससे क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है मैं विधानसभा क्षेत्र जबेरा में मध्य प्रदेश शासन के द्वाराएक एक करोड रुपए की लागत से बड़े-बड़े खेल स्टेडियम भी बनवा रहा हूं। उक्त अवसर पर राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मेरे द्वारा उक्त बिटिया के द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है एवं में स्वयंइस विषय को संज्ञान में लेकर के उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हूं ।

# घटेरा में स्वास्थ्य और शिक्षा की बड़ी सौगात

## उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा विधानसभा में विकास कार्य तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में उपतहसील बनवार के ग्राम घटेरा को एक साथ स्वास्थ्य और शिक्षा की दो बड़ी सौगातें मिलीं। स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने 65 लाख रुपये की लागत से तैयार उपस्वास्थ्य केंद्र तथा हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्तर में उन्नत किए जाने का लोकार्पण किया। वर्षों से लंबित यह मांग पूरी होने पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### अब 12वीं तक की पढ़ाई गांव में ही, 10 गांवों को मिलेगा लाभ

मंत्री लोधी ने बताया कि अब तक घटेरा स्कूल में केवल 10वीं तक की शिक्षा उपलब्ध थी। उन्नयन के बाद 12वीं तक की कक्षाएं शुरू होंगी, जिससे आसपास के लगभग 10 गांवों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर के विकास के लिए 1 करोड़ 8 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें नया भवन, आईसीटी लैब, खेल मैदान और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। पहले जहां केवल छह शिक्षक पदस्थ थे, अब उनकी संख्या बढ़ाकर 25 कर दी गई है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा।

### ग्राम को मिला अपना उपस्वास्थ्य केंद्र

ग्राम घटेरा में 65 लाख रुपये की लागत से तैयार उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण भी मंत्री लोधी ने किया। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के लिए बनवार या अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। यह केंद्र ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा और नियमित जांच से लेकर प्राथमिक उपचार तक की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन, सरपंच राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता नर्मदा राय, उमाशंकर शास्त्री, गुड्डा जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में मिली यह ऐतिहासिक सौगात घटेरा और आसपास के गांवों के विकास में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के द्वारा प्राचार्य डॉ.जी.पी. चौधरी एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अवधेश जैन के मार्गदर्शन में शासकीय जे.पी.बी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीमती जया अहिरवार ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 के विषय में, श्रीमती शिखा यादव ने मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियो जैसे प्रतिभा किरण योजना, गांव की बेटी योजना, मेधावी जनकल्याण योजना,आवास एससी-एसटी एवं ओबीसी की जानकारी दी। इसके साथ श्रीमती अनुभा तिवारी ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों जैसे - स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन,एन.एस.एस. की जानकारी दी। इसके साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विशेष संरचना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई शिक्षा नई उड़ान के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डी.के. मिश्रा, शरद मिश्रा एवं समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन रहा।

# प्रयास,समर्पण, सिद्धि के लिये किया प्रेरणा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय प्राथमिक शाला सिमरी राजाराम में तीन दिवसीय प्रेरणा पर्व का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक श्री भईयन जी भाईसाब के मुख्य आतिथ्य में एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्री मति शीला पटेल जी की अध्यक्षता में किया गया , मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अतिथियो का सम्मान कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र जैन , शिक्षिका सुनीता सोनी , शीला कटारे द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अगले चरण में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग प्रमुख श्री बृजेंद्र राठौर की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि आचार्य तारण स्वामी की 577 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शाला में यह आयोजन किया गया इसके तहत शारीरिक विकास हेतु विभिन्न खेल गति विधि क्रिकेट , दौड़ , कूदना , एक मिनिट प्रतियोगिता , निशाना लगाओ , मानसिक विकास हेतु ज्ञान वर्धक कार्यक्रम में टक्कर , पांच का पंच , लिखावट सुधार , नृत्य प्रतियोगिता, बाल कवि सम्मेलन, आदि गतिविधि आयोजित हुई, प्रेरणा पर्व का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों के बीच एक एक कर बच्चो ने अपनी प्रतिभा दिखाई बच्चे आपस में एक दूसरे से प्रेरित होकर आगामी समय में अपने कार्यों के प्रति समर्पित हो, गृह कार्य के साथ ग्रामीण वातावरण में रहते हुए साफ सफाई का ध्यान रखें , बोल चाल की भाषा में नम्रता आए, और इन बच्चों को देखते हुए अन्य जन भी इनसे प्रेरणा प्राप्त करे , तीन दिवसीय आयोजन में प्रत्येक प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें शैक्षिक सामग्री के साथ बच्चो के खेलने हेतु खिलौने भी प्रदान किए गए, यह सभी पुरस्कार शिक्षक द्वारा कवि सम्मेलनों से प्राप्त राशि से प्रदान किए गए अतिथियों द्वारा प्रेरणा पर्व में सभी प्रतिभागियों का अपने संबोधन में उत्साह बढ़ाते हुए आगामी आयोजन हेतु सहयोग की भावना व्यक्त की गई,शिक्षक भूपेंद्र जैन ने सभी अतिथियों का ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया ।

### तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय समन्वय एवं प्रशिक्षण बैठक संपन्न

**दमोह।** जिले में COTPA 2003 एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के प्रभावी संचालन हेतु अंतर्विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस विभाग, शिक्षा, परिवहन, नगर निगम, श्रम, पंचायत, खाद्य सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, सूचना एवं जनसंपर्क सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में तकनीकी सहयोग मध्य प्रदेश वोलेंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा एवं उनकी टीम ने तकनीकी सत्र आयोजित कर तंबाकू नियंत्रण से जुड़े कानूनी, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठ्या, सीएसपी एच.आर. पांडेय, कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार सहित अनेक अधिकारियों ने तंबाकू नियंत्रण कानूनों के क्रियान्वयन पर अपने सुझाव दिये। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में तंबाकू नियंत्रण कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करना, युवाओं में तंबाकू सेवन रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाना तथा विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को एक्टिव मोड में काम करते हुए दमोह को तंबाकू मुक्त जिला बनाने का संकल्प दोहराया।

# मध्यान्ह भोजन के लिए प्रदान बर्तनों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन के लिए बर्तन खरीदने हेतु समूह बार स्कूलों में राशि पहुंचाई गई है। जिसका निरीक्षण समय-समय पर अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय बालक माध्यमिक शाला जबेरा में मध्यान्ह भोजन संचालित कर रहे मानसी महिला स्व. सहायता समूह द्वारा क्रय किए गए बर्तनों का निरीक्षण करने जबेरा जनपद सीईओ डॉ.रामेश्वर पटेल, सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, रानू नामदेव, राजेश सिंघई, मोंटू बाजपेई, लेखपाल किशोरी लाल सेन आदि के साथ शासकीय बालक माध्यमिक शाला पहुंचे। जहां उन्होंने समूह को प्राप्त 15000 रुपए की राशि से खरीदे गए बर्तनों की प्रशंसा करते हुए समूह के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने माध्यांन्ह भोजन का निरीक्षण किया जिसमें मीनू अनुसार एवं गुणवत्ता युक्त शाला के 80 बच्चों को भोजन प्राप्त होने पर समूह के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक विश्वनाथ सिंह, शिक्षिका मनीषा तिवारी, भरत पटेल, मनोज सोनी, समूह अध्यक्ष सविता सोनी, कोषाध्यक्ष माया रैकवार, तारा सोनी, सुनीता रैकवार, अनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रही।

# पंचायत उपचुनावों में पेपरलेस पद्धति को लेकर जागरूक करेंगी ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस इलेक्शन की नई पहल के अंतर्गत 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत उपचुनाव में एक नया इतिहास बनाने जा रहा है जिसमें दमोह जिले के 77 मतदान केंद्रों पर पेपरलेस इलेक्शन कराया जाएगा । मतदाताओं को इस नवीन प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसेडर सारिका घारू ने आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया । इस अवसर पर आयोग के उपसचिव डॉ सुतेश कुमार शाक्यस , सुश्री प्रियांशी भंवर तथा अन्यल अधिकारी उपस्थित थे । आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह ने बताया कि दमोह जिले में 22पंच, 2 सरपंच तथा एक जिला पंचायत सदस्य के उपचुनाव होने जा रहे हैं इनमें विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन पूरी तरह पेपरलेस पद्धति से होगा। इस अवसर पर श्री दीपक सिंह ने पेपरलेस पद्धति से होने वाले निर्वाचन के नवाचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिये मार्गदर्शन दिया । सारिका ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ के माध्य म से कराये जा रहे मतदान की जानकारी आम मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए कलेक्टतर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में गीत पपेट शो एक्जीविशन तथा अन्य माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम करेंगी।



**खबर संक्षेप**

### फांसी लगाकर युवती ने आत्महत्या की

**हिण्डोरिया।** नगर के डॉ जाकिर हुसैन वार्ड निवासी युवती शिफा अंजुम पिता आरिफ खान 21 वर्ष ने सुबह 5-6 बजे के लगभग अपने कच्चे घर की म्यारी से लटककर आत्म हत्या कर ली। सूचना पाकर एएसआई रामकुमार सिंह एवं आरक्षक दीपचंद ने घटना स्थल पर पहुँच कर पंचनामा कार्यवाही कर शव परिक्षण के लिये दमोह भेजा। पीएम के पश्चात शव को विधिवत परिवारजनों को सौप दिया गया।परिवारजनों व्दारा शव को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया है। हिण्डोरिया पुलिस ने मर्ग क्र.84 कायम कर मामले को विवेचना मे लिया। टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आने के पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### सहायता राशि स्वीकृत करने किया निवेदन

**दमोह।** जिले के विधानसभा क्षेत्र जबेरा के महुआखेड़ा पंचायत में नहर निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय निवासी बहादुर सिंह आदिवासी (40 वर्ष) पिता दशरथ सिंह की 3 दिसंबर को करंट लगने से मृत्यु हो गई। कार्यपालन यंत्री रवि दीप बैन ने बताया विभाग द्वारा आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि स्वीकृत किए जाने का आग्रह किया है।

## रात में घर में घुस गया, दिन में पहुंचा खेत, वन आमला कर रहा निगरानी

# जंगल छोड़ ग्रामों में तेंदुआ की दस्तक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में जंगली जानवरों की भरमार हों गई है। अभी तक यह जानवर जंगलों में ही रहते थे लेकिन अब इन जंगली जानवरों ने ग्राम की ओर भी रुझान करना शुरू कर दिया है। ताजा मामला ग्राम पटनआऊ, बैरागढ़ पूरा सिमरिया से सामने आया है यहां पर एक तेंदुआ लंबे समय से घूम रहा है। पूर्व में या तेंदुआ जंगलों में देखा जाता था लेकिन अब कुछ दिनों से इस तेंदुए ने ग्राम की ओर रात्रि में आना-जाना शुरू कर दिया है। ग्रामीण भय में है और वन विभाग इसकी लगातार अनदेखी कर रहा है। किसानों ने तेंदुआ के भय से खेतों में आना जॉन्स भी बंद कर दिया है तेंदुआ को कई ग्रामीणों ने दिन में घूमते देखा है। और बुधवार की रात यह तेंदुआ पाटनआऊ निवासी धीर सीग लोधी के घर के अंदर घूम गया था घर के लोग समझ गये और दरवाजे नहीं खोले उसके बाद तेंदुआ मौके से भाग गया किंतु उसके पैरों के निशान आज भी साबुत के तौर पर मौजूद है। बैरागढ़ के पूर्व सरपंच पंचम सीग लोधी ने भी तेंदुआ को बुधवार की दोपहर एक किसान के खेत में देखा। उसके बाद उन्होंने सूचना अन्य लोगों को दी बाद में रात्रि में कोई अपने खेतों में नहीं गया। कमलेश विश्वकर्मा ने बताया तेंदुआ पिछले एक सप्ताह से ग्रामों के आस पास घूम रहा है कभी यह पटनआऊ के समीप दिखता है कभी पूरा ओर कभी सिमरिया के पास दिखाई देता है। तेंदुआ के भय से चारों ग्राम के लोग परेशान है। राजा ठाकुर ने बताया बुधवार को तेंदुआ बाबूलाल के खेत में दोपहर के समय खड़ा था यह खेत मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। तेंदुआ होने की सूचना वन आमले को भी दी थी परंतु कोई नहीं आया अब भय के कारण सभी परेशान है। राहगीर इस बात से अभी अनजान हैं स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से आते जाते है जिनके लिए यह तेंदुआ मुसीबत बना है। तेंदूखेड़ा उप वनमण्डल अधिकारी प्रतीक दुबे का कहना है तेंदुआ की पूरी जानकारी वन विभाग के पास है पहले दिन से ही वन आमला निगरानी के लिए लगा हुआ है। ग्रामों में मुनादी भी करवाई गई है कि कोई व्यक्ति जंगल खेत न जाये विद्युत विभाग को भी सूचना दी है कि रात्रि में ग्रामों की विद्युत सप्लाई बंद न करे ग्राम से जंगल लगा हुआ है। प्रयास यही किया जा रहा है तेंदुआ यदि जंगल में बापिस जाता हेतु ज्यादा बेहतर है। आगे यदि स्तिथि बिगड़ती है या कोई नुकसान जैसे स्थिति का पता चलता है तो भी रेस्क्यू किया जायेगा।

## बस—कंटेनर भिड़ंत में बाल-बाल बचे यात्री

**बनवार।** दमोह—जबलपुर हाइवे पर नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनपुर गांव के पास दोपहर एक यात्री बस और कंटेनर की भिड़ंत में बड़ा हादसा टल गया। टक्कर में बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पाँच यात्रियों को हल्की चोटें आईं। जानकारी के अनुसार छत्रपाल कंपनी की यात्री बस जबलपुर से टीकमगढ़ की ओर जा रही थी। उसी दौरान आगे चल रहे एक कंटेनर के सामने अचानक एक बाइक आ जाने से कंटेनर चालक ने ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही बस नियंत्रित न रह सकी और कंटेनर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का फ्रंट ग्लास टूट गया और अंदर बैठे यात्रियों में घबराहट फैल गई। कई यात्री एहतियातन सड़क पर उतर आए, जिससे हाइवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर नोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुँची, स्थिति को नियंत्रित किया और बस तथा कंटेनर को जप्त कर थाने ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की गति सामान्य होने से गंभीर हादसा टल गया। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।



## बैडमिंटन प्रतियोगिता का शानदार आगाज़



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेन्द्र पटेल लकी, अरुण तिवारी, सतीश तिवारी तथा गोपाल पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में दमोह लोकसभा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्विफ्ट कार में से 63 लीटर शराब जब्त

**दमोह।** थाना पथरिया जिला दमोह की अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही 01 आरोपी को किया गिरफ्तार जिससे जप्त की 63 लीटर शराब के साथ ही एक स्विफ्ट डिजायर चार पहिया वाहन जब्त किया। पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया,अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा व उनकी टीम को शहर में हो रही अवैध शराब की बिक्री के आरोपियों की तलाश पतारसी में लगाया था। दिनांक 10.12.2025 को थाना पथरिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लखरौनी तरफ से एक चार पहिया वाहन में भारी मात्रा मे शराब आ रही है जो मुखबिर की सूचना पर मौके पर उक्त चार पहिया वाहन को रोका जिसमें से एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे कामयाब रहा वाहन में एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आया जिससे उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम प्रशांत पिता शिवदीन आठ्या उम्र 26 साल निवासी श्रीनगर कालोनी मकरोनिया जिला सागर होना बताया व उससे भागे हुये आरोपी के संबंध मे पूछताछ की तो उसका नाम प्रिंस राजपूत उर्फ प्रद्धुम्न निवासी वार्ड क्र 01 पथरिया का बताया वाहन की चेकिंग करने पर कार से 07 पेटी अवैध देशी लाल मसाला शराब बरामद हुई जिसकी करीबन कीमत 33 हजार रूपये व एक चार पहिया वाहन माडल स्विफ्ट डिजायर जिस पर एम पी 15 जेड ए 0818 रजिस्ट्रेशन अंकित है जिसकी कीमत करीबन 07 लाख रूपये को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी प्रशांत को दिनांक 10.12.25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## जुझार का स्कूल बना खतरे की घंटी: जर्जर कमरों में बैठकर पढ़ रहे 74 बच्चे

### बीआरसी बोले—अगले बजट में प्राथमिकता से होगी मरम्मत



**बनवार।** दमोह जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल बांदकपुर के अंतर्गत आने वाली शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला जुझार इन दिनों खस्ताहाल भवनों के कारण किसी बड़े हादसे का इंतजार करती दिख रही है। बच्चों की पढ़ाई और उनकी सुरक्षा दोनों ही खतरे में हैं। दीवारों पर गहरी दरारें, लटकते पंखे, जर्जर लकड़ी के मालगे और ढहने की कगार पर पहुंचे कमरे—स्थिति इतनी भयावह है कि कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। स्कूल में 74 बच्चे अध्ययनरत हैं, जो रोज़ टूटते भवनों के बीच बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों रज्जू सिंह लोधी, कड़ोरी सेन, नीरज महोबिया, हल्ले सेन, पप्पू सिंह का कहना है कि स्कूल की हालत इतनी खराब है कि भवन कभी भी गिर सकता है। बच्चों के लिए यह जगह सुरक्षित नहीं रह गई है। ग्राम पंचायत रियाना के सरपंच दर्शन सिंह लोधी ने बताया कि स्कूल भवन की मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार शिकायतों के बाद भी भवन जस का तस खतरनाक स्थिति में है। प्रभारी प्रधान अध्यापक अनिल मिश्रा ने भी बताया कि संकुल केंद्र बांदकपुर, जिला शिक्षा अधिकारी और बीआरसी को लिखित में कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन भवन की मरम्मत को लेकर अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं आया है। बीआरसी दमोह ललित रैकवार ने बताया कि हाल ही में कुछ विद्यालयों के जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए गौण खनिज मद से राशि जारी हुई थी। इस बार आने वाले बजट में जुझार विद्यालय को प्राथमिकता में शामिल किया जाएगा और भवन की मरम्मत करवाई जाएगी। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि जब तक विभाग कार्रवाई नहीं करता, तब तक बच्चों की जान जोखिम में बनी रहेगी। बच्चों का भविष्य किताबों से नहीं, जर्जर दीवारों से जूझ रहा है—और व्यवस्था अभी भी जागने का इंतजार कर रही है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े वितरित



**हटा।** ठिठुरती सर्दी से राहत देने के लिए विकासखंड की शासकीय माध्यमिक शाला रसीलपुर में दमोह के सेवानिवृत्त सब इंजीनियर अर्जुन पटेल एवं पूर्व प्राचार्य राजकुमार नामदेव द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े एवं बिस्कुट वितरित किए। स्कूली बच्चे सुंदर-सुंदर टोपा एवं मफलर पाकर खुशी से झूम उठे। वही विद्यालय में मध्यान भोजन बनाने वाली रसोईया महिलाओं को सर्दी से राहत दिलाने साल कंबल एवं स्वेटर प्रदान किए। इस दौरान विद्यालय के पूर्व शिक्षक बालाराम अहिरवार, प्रधानाध्यपक सुरेश श्रीवास्तव के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## 12 दिसंबर को लगेगा विशेष शिविर 'आपकी पूंजी आपका अधिकार'

**अभियान के तहत निष्क्रिय खातों की राशि लौटाई जाएगी**

**दमोह।** कलेक्ट्रेट कार्यालय की जनसुनवाई सभा कक्ष में आगामी 12 दिसंबर को एक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के देशव्यापी अभियान "आपकी पूंजी आपका अधिकार" के अंतर्गत लगाया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य उन खाताधारकों को सुविधा देना है, जिनके बैंक खाते पिछले 10 वर्षों से निष्क्रिय हैं या जिनकी राशि अनक्लेम्ड के रूप में दर्ज हो चुकी है। लीड बैंक प्रबंधक हेमंत कुमार ने एसबीआई सहित अन्य बैंकों को निर्देश दिए हैं कि कैंप में ऐसे सभी निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय किया जाए और जिनके खातों में वर्षों से पड़ी राशि अनक्लेम्ड है, उसे खाताधारक या उनके पात्र वारिशों को वापस दिलाई जाए। उन्होंने बताया जिन खाताधारक की मृत्यु हो चुकी है, उनके नॉमिनी या कानूनी वारिश आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए मृत्यु प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बैंक द्वारा मांगे गए दस्तावेज आवश्यक होंगे। उन्होंने कहा रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार दस्तावेज़ सत्यापन के बाद अनक्लेम्ड राशि का भुगतान किया जाएगा। लीड बैंक प्रबंधक ने कहा शिविर में उपस्थित लोग ई–KYC कराकर अपने निष्क्रिय खाते पुनः सक्रिय करा सकेंगे। जिन खातों में लेनदेन न होने के कारण रोक लगी है, उन्हें भी इस प्रक्रिया के बाद सामान्य रूप से संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा यह शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिनकी मेहनत की कमाई लंबे समय से बैंक में पड़ी है और वे इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। शिविर में बैंक अधिकारी, लीगल अधिकारियों की टीम और संबंधित विभाग मौजूद रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिनके खाते निष्क्रिय हैं या जिनके परिवार में किसी का बैंक खाता अनक्लेम्ड स्थिति में है, वे 12 दिसंबर को शिविर में पहुंचकर अपनी राशि का दावा अवश्य करें।

## नपा के विरूद्ध मण्डल अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को शिकायत पत्र सौंपा

### सीता नगर सिंचाई परियोजना से छूटे ग्रामों को जोड़ने की मांग भी उठाई

**हिण्डोरिया।** निर्दलीय नगर परिषद हिण्डोरिया में व्याप्त भेदभाव, तानाशाही एवं लापरवाही को रोकने भाजपा हिंडोरिया मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर ने दमोह पहुँच कर प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार को शिकायत पत्र सौंपा। साथ ही सीता नगर सिंचाई परियोजना के लाभ से वंचित हिंडोरिया मण्डल के ग्रामों को जोड़कर उन्हें तत्काल सिंचाई सुविधा मुहैया करने की भी मांग की। इस सम्बन्ध में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर परिषद हिण्डोरिया में निर्दलीय सरकार है। नगर वासियों को वर्ष 2017 से पीएम- सीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से आये दिन परेशान किया जा रहा है। साथ ही नपा के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों में भी भारी भेदभाव बरता जा रहा है। नपा की इस तानाशाही के कारण अनेक पार्षद दुखी एवं पीड़ित हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 09 के लोगों के लिए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का लाभ नपा की करोड़ों की नल जल योजना के संचालन के बाद भी नहीं मिल पा रहा है। यहां पर पाइप लाइन भी बार-बार मांग करने के बाद भी नहीं डाली जा रही है। नपा की इस कार्यप्रणाली के कारण लोगों में भाजपा एवं डबल इंजन सरकार के प्रति क्षेत्र में भारी आक्रोश पनप रहा है। देवेन्द्र ठाकुर ने शिकायत पत्र मे कहा कि सीता नगर सिंचाई परियोजना का जब सर्वे कार्य हुआ था। उस समय हिंडोरिया मण्डल के गुंजी , कादीपुर ,लुहर्रा, सुरखी, उमरिया, पिपरिया, खैरुआ, नोनपानी आदि गांव का नाम सर्वे मे था। वर्तमान में उक्त परियोजना का संचालन शुरू हो गया है। लेकिन अभी तक उपरोक्त गांवों को सिचाई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस कारण यहां के किसान पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। और उनका भारी नुकसान खेती मे हो रहा है। मण्डल अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक उमा देवी खटीक ने प्रभारी मंत्री से शीघ्र इन समस्याओं के निदान की दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की।

### डॉ. अंकिता तंतुवाय ने पीजी नीट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**दमोह।** दमोह की डॉ.अंकिता तंतुवाय ने पीजी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। अंकिता के लिये पीडियाटिक्स विभाग सुभाष चंद बोस मेडिकल कालेज जबलपुर में प्रवेश मिला है। इनकी छोटी बहिन डॉ. आभा पूर्व से एमडीएस में अध्ययनरत है। इन बेटियों के पिता श्री रामगोपाल तंतुवाय पीजी कालेज दमोह एवं माता श्रीमती सुनीता तंतुवाय शिक्षक है। इस अवसर पर तंतुवाय समाज दमोह एवं हटा के साथ पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन, डॉ एन.आर.सुमन, डॉ मीरा माधुरी महंत, डॉ. ऋषिभा दीक्षित, डॉ.केके कोर, प्रहलाद सींग ठाकुर, समस्त महाविद्यालय परिवार, लखन तंतुवाय, डीपी कठल, शारदा प्रसाद कोरी, जनसंपर्क अधिकारी वाईए कुरैशी, बीईओ वाईके कोरी, प्रकाश कोरी, निर्भय कोरी सहित सभी ने शुभकामनायें प्रेषित की है।



## गंभीर मारपीट प्रकरण में दो आरोपियों को चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास

### न्यायालय ने आरोप तय होने के बाद मात्र 7 माह में किया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

न्यायाधीश पंकज वर्मा की अदालत ने गंभीर मारपीट के एक प्रकरण में त्वरित सुनवाई करते हुए सात माह में निर्णय सुनाते हुए दो अभियुक्तों को चार-चार वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल चार हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

प्रकरण का विवरण इस प्रकार है दिनांक 3 मार्च 2024 की शाम लगभग 7 बजे सुरेका कॉलोनी निवासी राजेंद्र पटेल अपने ग्राम हिन्नाई स्थित खेत से घर लौट रहे थे। खेत के बाड़े का गेट लगा रहे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते हिन्नाई उमरी निवासी मुन्ना उर्फ हरप्रसाद पटेल पिता बेनीप्रसाद (58), जय जय उर्फ कृष्णकांत पटेल पिता मुन्ना (28), और प्रहलाद उर्फ बचे पिता भागचंद पटेल (48) वहां पहुंचे और राजेंद्र को गालियां देने लगे। मना करने पर मुन्ना पटेल ने हाथ में ली लोहे की रॉड सिर पर मार दी, जिससे गंभीर रक्तस्त्राव हुआ। अन्य दो आरोपियों ने लाठियों से भीषण मारपीट की। हमले में राजेंद्र के हाथ, माथे और पसलियों में गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान राजेंद्र अर्ध-चेतन स्थिति में था, तभी उसके भाई आशीष पटेल व अशोक पटेल पहुंचे और उसे बचाया। दोनों भाई घायल को जिला अस्पताल ले गए, जहां गंभीर हालत देखते हुए भोपाल रेफर किया गया और हाथ में फ्रैक्चर के लिए सर्जरी हुई। मामले की FIR थाना दमोह देहात में दर्ज हुई। आरोपी कुछ समय तक फरार रहे, जिसके कारण एक वर्ष बाद उनका चालान न्यायालय में प्रस्तुत हो सका। न्यायालय ने 27 मई 2025 को आरोप तय किए। अभियोजन की ओर से 8 साक्षियों का परीक्षण कराया गया। विचारण के दौरान आरोपी मुन्ना उर्फ हरप्रसाद पुनः फरार हो गया।अभियुक्तों ने तर्क दिया कि कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है, दोनों प्रत्यक्षदर्शी घायल के भाई हैं और रिपोर्ट भी तीन दिन बाद दर्ज हुई, इससे मामला संदेहजनक है।

न्यायालय ने कहा कि घटना खेत में शाम के समय हुई, जहां स्वतंत्र साक्षी होना स्वाभाविक नहीं। अतः स्वतंत्र साक्षी न होना अभियोजन को कमजोर नहीं करता। रिपोर्ट देर से दर्ज होना भी स्वाभाविक है क्योंकि घायल घटना वाले दिन गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती था और पुलिस को चिकित्सकीय सूचना मिल चुकी थी।

**फैसला**

अभियोजन के साक्ष्यों एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोप सिद्ध मानते हुए जय-जय उर्फ कृष्णकांत पटेल तथा प्रहलाद पटेल को चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल ₹4,000 के अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय के बाद दोनों को जेल भेजा गया। न्यायालय ने आरोप तय होने के बाद केवल 7 माह में प्रकरण का निराकरण कर त्वरित न्याय का उदाहरण प्रस्तुत किया।

## स्कूल के मार्गों पर पुलिस की गश्त लगाने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** नगर में मंगलवार को 11 वर्षीय बालिका को जबरन गाडी में बिठाकर ले जाने के मामले में गुरूवार को नगर की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर स्कूल मार्गों पर पुलिस की गस्त लगाने की मांग की हैं। आरूष स्कूल के प्राचार्य कपिल गोटिया ने बताया कि नगर में प्रतिदिन मनचलों का आतंक बढ़ रहा है। अंदेशा है की किसी दिन ये असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है। सुबह 10.30 बजे एवं शाम 4 बजे तक विद्यालयो के मार्गों पर जैसे हाईस्कूल (जबलपुर रोड) से चैरई मार्ग आरुष एकेडमी तक एवं खकरिया रोड पर महाविद्यालय व कन्या हाईस्कूल तक यदि पुलिस गस्त की व्यवस्था हो जाती है तो अप्रिय घटनाओ को रोका जा सकता है। ज्ञापन देने वालों आरूष किड्स अकेडमी, ज्ञानदीप विघा बिहार, सरस्वती शिशु मंदिर, शिव शिशु विघालय, सरस्वती ज्ञान मंदिर, साउथ इंडियन पब्लिक स्कूल, ज्ञान भारती कांवेंट विघालय, सरस्वती बाल मंदिर, जेआर कांवेट, एमबीके स्कूल आदि स्कूल के संस्था प्रमुख मौजूद रहे।

**In The Court Of I Civil Judge Class- I District Court, Damoh**
Presiding Officer:- सुश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJCSUC/0000018/2025
नर्गिस बेगम ............... आवेदक
Vs
मो. जाकिर खान ...................... अनावेदक
TID- 4078/2025
Process Id- 254/2025
प्रेषिती पेशी दिनांक :- 16/01/2025
(1) आम जनता पता-दमोह जिला दमोह
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नर्गिस बेगम पता ने मृतक अनवर खान निवासी फुटेरा वार्ड न. ५ दमोह की बैंक आफ इंडिया राजा काम्पलेक्स धगट चौराहा दमोह में जमा राशि 3,50,000 अंकन तीन लाख पचास हजार रुपए राशि / संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 January 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 10 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
न्यायाधीश
न्यायालय की मुद्रा (स्नेहा सिंह)
सील प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।